C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:28 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:24 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 120 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 30 अक्टूबर 2025

आयुष्मान खुराना ने वरुण धवन को...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## गेंद लगने से इस 17 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी की दर्दनाक मौत



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। 17 वर्षीय प्रतिभाशाली क्रिकेटर बेन ऑस्टिन की एक हादसे में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, बेन मंगलवार को अपने क्लब के नेट्स में एक ऑटोमेटिक बॉलिंग मशीन के सामने बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे थे। उन्होंने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन गेंद उनके सिर और गर्दन के हिस्से पर जा लगी। हादसे के बाद उन्हें तुरंत गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां बुधवार को उनका निधन हो गया। क्लब ने जताया गहरा दुख फर्नट्री गली क्रिकेट क्लब ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, हम बेन के निधन से पूरी तरह तबाह हैं। उनके जाने का असर हमारी पूरी क्रिकेट कम्युनिटी पर गहराई से महसूस किया जाएगा। क्लब ने बेन को एक स्टार क्रिकेटर, शानदार लीडर और बेहतरीन इंसान बताया। वे टीम के उभरते हुए गेंदबाज और बल्लेबाज थे, जिनसे भविष्य में बड़ी उम्मीदें थीं।

## चार माह से लापता युवक का नहीं लगा सुराग, गुमशुदगी दर्ज

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से लापता युवक का चार माह बाद भी सुराग नहीं लगा। पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र फुलसुंगा निवासी फुलझड़ी पत्नी नन्दकिशोर ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा नूजा उम्र 36 वर्ष 5 जुलाई 2025 को घर से सुबह 7 बजे बिना बताए कहीं चला गया है। पूर्व में भी दो बार घर से चला गया था और खुद वापस भी आ गया था। महिला के मुताबिक उसकी हर जगह तलाश की, मगर कहीं पता नहीं चला। महिला ने पुलिस को बताया कि बेटा मानसिक रूप से कमजोर है। महिला ने पुलिस से पुत्र की सकुशल तलाश करने की गुहार लगाई। पुलिस ने महिला की सूचना पर युवक की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# पटेल जयंती: स्टेच्यू ऑफ यूनिटी में होगी भव्य परेड, उत्तराखंड की झांकी भी होगी शामिल

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर स्टेच्यू ऑफ यूनिटी में कल 31 अक्टूबर को होने वाली परेड में उत्तराखंड की झांकी में आध्यात्मिक, प्राकृतिक व संस्कृति की झलक दिखेगी। इस बार राज्य ने अष्ट तत्व व एकत्व की थीम पर झांकी तैयार की है।

महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने बताया कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर स्टेच्यू ऑफ यूनिटी में होने वाली परेड में उत्तराखंड की झांकी को शामिल करने का गौरव मिला है। गृह मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति ने विचार-विमर्श व परीक्षण के बाद देश के चुनिंदा आठ राज्यों के साथ ही उत्तराखंड की झांकी का अंतिम रूप से चयन किया गया। आठ तत्वों की समरसता और एकता की भावना का प्रतीक राज्य की झांकी अष्ट तत्व और एकत्व में उत्तराखंड के दिव्य धार्मिक स्थलों, प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक समृद्धि के साथ ही सतत व समग्र विकास की प्रगति को प्रदर्शित किया जाएगा।




राज्य की झांकी के नोडल अधिकारी व विभाग के संयुक्त निदेशक केएस चौहान के निर्देशन में झांकी का निर्माण कराया जा रहा है। चौहान ने बताया कि झांकी व कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति के संबंध में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एकता परेड में राज्य के लोक कलाकारों का 14 सदस्यीय दल उत्तराखंड के पारंपरिक लोक नृत्य की प्रस्तुति देगा।

**मोदी छह दिन में दूसरी बार बिहार दौरे पर**

# आरजेडी-कांग्रेस के लिए छठी मैया की पूजा ड्रामा है: पीएम मोदी

**नई दिल्ली**
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह दिन में दूसरी बार बिहार दौरे पर आए हैं। उन्होंने मुजफ्फरपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। एक दिन पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के छठ पूजा वाले बयान पर भी पीएम मोदी ने पलटवार किया। कहा कि राजद-कांग्रेस के लोगों ने छठी मैया का अपमान किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुजफ्फरपुर की जनसभा में कहा कि आपकी इतनी भीड़ बता रही है कि इस बार फिर से एनडीए सरकार आने वाली है। बिहार में फिर से सुशासन सरकार आएगी। छठ महापर्व के बाद यह मेरी पहली जनसभा है। छठ महापर्व बिहार और देश का गौरव है। देश और दुनिया में छठ महापर्व मनाया जाता है। हमलोग छठ की गीत सुनकर भावविभोर हो जाते हैं। छठी मैया में मां की भक्ति, समता, ममता और सामाजिक समरसता है। छठ महापर्व को मानवता के महापर्व के रूप में मनाते हैं। हमलोग कोशिश कर रहे हैं कि यूनेस्को की विश्व विरासत की सूची में छठ महापर्व शामिल हो। यह सूची बड़ी जांच पड़ताल और लंबी प्रकिया के बाद यह सूची बनती है। हमारी सरकार कोशिश कर रही है कि यूनेस्को की इस सूची में छठ महापर्व का नाम शामिल हो। अगर ऐसा होता तो हर बिहारियों को गर्व होगा।



पीएम मोदी ने कहा कि आपने देखा है कि आपका बेटा तो छठी मैया का जय जयकार पूरी दुनिया में कराने में लगा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और राजद के लोग छठी मैया का अपमान कर रहे हैं। आप मुझे बताइए क्या कोई कभी चुनाव में वोट के लिए छठी मैया का अपमान कर सकता है? क्या बिहार यह अपमान सहन करेगा? राजद और कांग्रेस वाले कैसी बेशर्मी से बोल रहे हैं? उनके लिए छठी मैया की पूजा नौटंकी और ड्रामा है। वह छठी मैया का अपमान कर रहे हैं। जो भगवान सूर्य को अर्घ्य देती हैं? जो 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती हैं, उन्हें कांग्रेस और राजद वाले ड्रामा कहते हैं। यह हर उस व्यक्ति का अपमान है, जो छठी मैया में आस्था रखता है। छठ मैया के इस अपमान को बिहार सैकड़ों वर्षों तक भूलने वाला नहीं है। सैकड़ों वर्षों तक इस अपमान को छठी मैया का पूजा करने वाला नहीं भूलेगा।

# ऑटो पैक कंपनी में साईबर अपराध,ऑनलाइन धोखाधड़ी के रोकथाम को जागरुकता गोष्ठी

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

**आयोजन**
- कंपनी के कर्मियों को साईबर सुरक्षा के बताए उपाय

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर कोतवाली रुद्रपुर की बगवाड़ा चौकी क्षेत्र स्थित एसआई ऑटो पैक कंपनी में साईबर अपराध की रोकथाम के लिए जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस गोष्ठी में कोतवाली के एसएसआई नवीन बुधानी ने कंपनी के कर्मियों को साईबर अपराध,नशा उन्मूलन, ऑनलाइन वितीय धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया पर बढ़ते साईबर अपराध के रोकथाम के मामले में भी अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने नशे के दुष्प्रभाव, यातायात नियमों के संबंध में भी जागरूक किया। उन्होंने साईबर सुरक्षा उपाय के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने साईबर अपराध की घटना होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह की घटना पर हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। एसएसआई ने साईबर अपराध होने पर नेशनल साईबर क्राइम रिर्पोटिंग पोर्टल के संबंध में भी अवगत कराया । कर्मचारियों को साईबर क्राइम से संबंधित अपराधों से बचाव के पंपलेट बांटे गए। इस दौरान एसएसआई नवीन बुधानी, एएसआई नवीन जोशी,नरेश जोशी आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



# हल्द्वानी में बुजुर्ग से लूट की वारदात का खुलासा, दो नाबालिग गिरफ्तार

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र में हुई लूट की वारदात का खुलासा पुलिस ने कुछ ही घंटों में कर दिया। वादी भगवान सिंह नगदली पुत्र पान सिंह निवासी निशांत विहार, हल्द्वानी ने तहरीर दी थी कि वह अपने प्रतिष्ठान से घर लौटते समय आनंद बाग क्ष्ळ कैंप रोड के पास दो युवकों ने सुनसान जगह का फायदा उठाकर उनसे जबरदस्ती मोबाइल फोन और 5000 रुपए लूट लिए और मौके से फरार हो गए। सूचना पर कोतवाली हल्द्वानी में लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के त्वरित अनावरण हेतु एसएसपी नैनीताल मंजूनाथ टी.सी. ने अधीनस्थ अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। निर्देशों के अनुपालन में एसपी सिटी हल्द्वानी मनोज कत्याल और क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी नितिन लोहनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अमरचंद शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए जांच के दौरान घटना में शामिल दो नाबालिग लड़कों को योगा पार्क के निकट से गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों की पहचान हल्द्वानी निवासी विधि-विवादित किशोरों के रूप में हुई। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर वादी से लूटा गया वीवो मोबाइल फोन और 2100 रुपए नकद बरामद कर लिए। दोनों किशोरों को विधिक प्रक्रिया के तहत जुवेनाइल बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# तैयारी: उत्तराखंड में 15 नवंबर को की जाएगी मॉक ड्रिल

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

12 नवंबर को टेबल टॉप एक्सरसाइज और 15 नवंबर को मॉक ड्रिल होगी। टेबल टॉप एक्सरसाइज में सभी जिलों का अपनी तैयारियों के साथ ही संसाधनों की उपलब्धता, उनकी तैनाती, मॉक ड्रिल के लिए अपनी योजना के बारे में बताएंगे।

राज्य में 15 नवंबर को भूकंप और भूकंप के प्रभाव से उत्पन्न होने वाली अन्य आपदाओं का प्रभावी तरीके से सामना करने के लिए सभी 13 जिलों में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। मॉक ड्रिल की तैयारी को लेकर सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन की अध्यक्षता में बुधवार बैठक हुई। सचिव सुमन ने बताया कि सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भूकंप पर राज्यस्तरीय मॉक ड्रिल कराने के निर्देश दिए थे। इसके मद्देनजर यूएसडीएमए ने मॉक ड्रिल को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। 12 नवंबर को टेबल टॉप एक्सरसाइज और 15 नवंबर को मॉक ड्रिल होगी। टेबल टॉप एक्सरसाइज में सभी जिलों का अपनी तैयारियों के साथ ही संसाधनों की उपलब्धता, उनकी तैनाती, मॉक ड्रिल के लिए अपनी योजना के बारे में बताएंगे। सचिव ने बताया कि राज्य भूकंप के दृष्टिकोण से संवेदनशील है। सभी जिले चार व पांच जोन में आते हैं। बताया कि आईआईटी रुड़की के साथ मिलकर सायरन तथा सेंसरों की संख्या बढ़ाई जा रही है। भूदेव एप विकसित किया गया है, जो पांच से अधिक की तीव्रता का भूकंप आने पर मोबाइल फोन में अलर्ट भेज देगा। बैठक में अपर सचिव आनंद स्वरूप के अलावा सभी जिलों के अधिकारी, विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए।



अपर सचिव आपदा प्रबंधन आनंद स्वरूप ने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य भूकंप से निपटने के लिए जिलों की तैयारियों, विभागों के बीच समन्वय और प्रतिक्रिया क्षमता को परखना व मजबूत करना है। अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी-क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी ने बताया बहुमंजिला इमारतों के ढहने के बाद लोगों का रेस्क्यू करना, पुल व फ्लाईओवर का ढहना, बांध की विफलता से उत्पन्न बाढ़ के उपरांत राहत एवं बचाव कार्य, ग्लेशियर झील का फटना, भूस्खलन आदि पर मॉक अभ्यास होगा।

# पदभार ग्रहण के बाद पुलिस कप्तान मंजूनाथ ने किया भ्रमण

## नैनीताल में पत्रकारों से वार्ता में गिनाई नवागंतुक पुलिस कप्तान डॉ.0 मंजूनाथ टी.सी. अपनी प्राथमिकताएं

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के नवागंतुक पुलिस कप्तान डॉ.0 मंजूनाथ टी.सी. ने बुधवार को पदभार ग्रहण करने के उपरांत नैनीताल पुलिस कार्यालय का विस्तार से भ्रमण किया। उसके बाद उन्होंने पत्रकारों से वार्ता की। वार्ता के दौरान पुलिस कप्तान डा.मंजूनाथ टी.सी ने कहा कि जनता के हित में कार्य करना ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। कहा कि जिले में नशे के तस्करों और उनके नेटवर्क पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। कहा कि पुलिस का लक्ष्य केवल अपराध नियंत्रण नहीं बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बनाना है। उन्होंने कहा कि नशे के तस्करों पर कार्यवाही के साथ साथ ही वह यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाऐंगे। कहा कि बदलते दौर में ड्रग्स व साईबर ठगी और महिला सुरक्षा बड़ी चुनौतियाँ हैं। इनसे निपटने के



लिए नैनीताल पुलिस हर स्तर पर तत्पर रहेगी। साईबर ठगों के खिलाफ सघन कार्रवाई होगी तथा जन जागरुकता अभियान चलाये जाएंगे ताकि जनता का विश्वास और मजबूत हो। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के नैनीताल दौरे को लेकर उन्होंने

कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा तैयारी की जा रही है साथ ही वह जल्द ही कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के डीएसबी परिसर तथा कैंची धाम व हल्द्वानी व अन्य स्थलों का दौरा करेंगे। इस दौरान एसपी जगदीश चंद्रा तथा सीओ अमित कुमार आदि मौजूद रहें।

इससे पूर्व पुलिस कप्तान डॉ0 मंजूनाथ टी.सी. ने एसएसपी कार्यालय नैनीताल का भ्रमण किया और शाखा प्रभारियों के साथ वार्ता की। उन्होंने सभी को टीम भावना के साथ कार्य करने तथा पूर्ण मनोयोग के साथ शाखा संबंधित कार्यों/दायित्वों का सफलतापूर्वक संपादन करने हेतु निर्देशित किया गया।



### पुलिस कप्तान मिले डीएम से

नवागंतुक पुलिस कप्तान डा.मंजूनाथ टी.सी. द्वारा मंगलवार को कार्यभार संभालने के बाद जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल से उनके नैनीताल स्थित कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी रयाल से नैनीताल जनपद की वर्तमान वास्तुस्थिति की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही आगामी वीवीआईपी भ्रमण के संबंध में विस्तृत चर्चा की।



### पुलिस कप्तान ने लिया मां नयना का आर्शीवाद

नैनीताल । नैनीताल जिले के नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टी.सी. ने बुधवार को जनपद नैनीताल में आगमन के पश्चात सबसे पहले नैनीताल के प्रसिद्ध मां नैना देवी मंदिर के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में जाकर विशेष पूजा अर्चना की और मां का आर्शीर्वाद लिया। उसके बाद उन्होंने विधिवत तरीके से अपना कार्यभार संभाला।



## नैनीताल में भाजपाई कल आयोजित कराएंगे मैराथन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में रन फ ाॅर यूनिटी (एकता दौड़) जिसका उद्देश्य एकता और अखंडता का संदेश फैलाना देना है का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मैराथन और दौड़ प्रतियोगिताएं शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी नैनीताल द्वारा भी नैनीताल में भी 31 अक्टूबर (शुक्रवार) को सरदार वल्लभभाई पटेल की 1500वीं जयंती के अवसर पर मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसी को लेकर बुधवार को नैनीताल कलब में तैयारी बैठक हुई। बैठक में तय हुआ कि सरदार बल्लभभाई पटेल के जयंती पर आयोजित मैराथन को मल्लीताल फलैट्स में सुबह 7 बजे आयोजित किया जाएगा । बैठक में मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की,जिला उपाध्यक्ष दया किशन पोखरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा जीवंती भट्ट, मंडी समिति के सलाहकार मनोज जोशी, मंडल महामंत्री हरीश सिंह राणा, मंडल उपाध्यक्ष निखिल बिष्ट समेत सभासद मनोज साह जगाती, कोषाध्यक्ष मनोज पंत, उपाध्यक्ष ज्योति डौंढियाल समेत महिला मोर्चा की अध्यक्ष कविता गंगोला, नगर मंत्री विकास जोशी तथा युवराज करायत आदि ने विचार रखे।

## उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती पर 7 नवंबर को कृषक सम्मेलन का आयोजन

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पंतनगर स्थित सीएवीएम हॉल में कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी की अध्यक्षता में आगामी 7 नवम्बर 2025 को आयोजित होने वाले कृषक सम्मेलन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कैबिनेट मंत्री ने कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न विषयों पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती का यह उत्सव प्रदेशवासियों की मेहनत और राज्य के विकास में दिए गए उनके योगदान को समर्पित है। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, जनभागीदारी एवं कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, महापौर विकास शर्मा,जिला महामंत्री तरुण दत्ता,जिला कोषाध्यक्ष रोशन अरोड़ा, नगला चेयरमैन सचिन शुक्ला,पंतनगर मंडल अध्यक्ष पिंकी डिमरी, जिला मीडिया प्रभारी विजय तोमर,एडवोकेट प्रमोद मित्तल,अक्षय अरोड़ा,अक्षय गहलोत आदि मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### रानीखेत एक्सप्रेस में यात्री का बैग चोरी

**हल्द्वानी।** रानीखेत एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक यात्री का बैग यात्रा के दौरान चोरी हो गया। घटना की रिपोर्ट जीआरपी काठगोदाम में दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार, राहुल परेशभाई वर्मा, पुत्र वर्मा परेशभाई डी, निवासी गांव जुना अच्चेर, पीओएस साबरमती, जिला अहमदाबाद (गुजरात) ने बताया कि वह दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को दिल्ली से काठगोदाम के लिए रानीखेत एक्सप्रेस के कोच एस7, सीट नंबर 25 में यात्रा कर रहे थे। यात्री के अनुसार, यात्रा के दौरान रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पर लगभग रात 3:08 बजे वे शौचालय जाने के लिए उठे, उस समय उनका बैग उनके पास ही था। शौचालय से लौटने के बाद वे दोबारा सो गए। जब ट्रेन काठगोदाम स्टेशन पहुंची और उन्होंने उतरने की तैयारी की, तो देखा कि उनका काला रंग का बैग गायब है। बैग में आर्मी आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, कैंटीन कार्ड, दो एटीएम एटीएम कार्ड और 5500 रूपए और मोबाइल था। राहुल वर्मा ने पुलिस से मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**हल्द्वानी।** नैनीताल जनपद के काठगोदाम थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से की गई ड्राइविंग ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। घटना 26 अक्टूबर की है, जब चन्दन सिंह बिष्ट और हरीश वृजवासी मोटरसाइकिल संख्या यूके04एएन 9681 पर सवार होकर कुंवरपुर गौलापार से खेड़ा गौलापार की ओर जा रहे थे। तुषार टेंट हाउस के पास विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल संख्या यूके 04 एपी 8350 ने तेज रफ्तार और लापरवाही से ओवरटेक करते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हरीश वृजवासी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चन्दन सिंह बिष्ट गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में मृतक चंदन सिंह बिष्ट की बहन ममता बिष्ट पत्नी तरूण कोल निवासी निवासी लालपुर नायक, आदर्श कालोनी फेज 2, हल्द्वानी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में कहा गया है कि घायल चन्दन सिंह को तत्काल उपचार हेतु सुशीला तिवारी हॉस्पिटल हल्द्वानी ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें चन्दन हॉस्पिटल रेफर किया। लेकिन वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

## बनभूलपुरा कांड: वसीम को मिली जमानत अन्य की 6 मई को सुनवाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने चर्चित बनभूलपुरा कांड के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक, अब्दुल मोईद सहित 19 लोगों की जमानत याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खण्डपीठ ने सुनवाई के बाद साजिशकर्ता वसीम की जमानत मंजूर कर दी है। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई पर उनके ऊपर आरोप लगा था कि वे भीड़ को उकसा रहे हैं और आगजनी करा रहे हैं जबकि उनकी तरफ से कहा गया उनका नाम न तो प्राथमिकी में है न ही उनके द्वारा घटना में वे शामिल हैं। केवल संदेह के आधार पर उन्हें बेवजह से गिरफ्तार किया गया उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए जबकि कोर्ट ने मुख्य आरोपियों को कोई राहत नहीं दी है फिलहाल उन्हें कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई हेतु 5 मई 2026 की तिथि नियत की है। मलिक को राजकीय भूमि को खुर्द बुर्द करने के मामले में पहले ही जमानत मिल चुकी है जबकि दंगा फैलाने के मामले में उनकी व 20 अन्य आरोपियों को अभी तक जमानत नहीं हुई। मामले के अनुसार मलिक सहित अन्य के खिलाफ बनभूलपुरा दंगे के समय चार मुकदमे दर्ज हुए थे जिसमें से एक मामला ये भी था कि मलिक ने कूटरचित तथा झूठे शपथपत्र के आधार पर राजकीय भूमि को हड़पने का कार्य किया यही नहीं उनके द्वारा नजूल भूमि पर कब्जा करके प्लाटिंग तथा अवैध निर्माण करके उसे बेचा गया। राज्य सरकार की तरफ से उनकी जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए कहा कि बनभूलपुरा कांड की शुरुआत यहीं से हुई थी, जब प्रशासन इस अवैध अतिक्रमण को हटाने गया तो उनके ऊपर पथराव किया गया। बाद में इसने दंगा का रूप ले लिया। इसी दंगे में सरकारी तथा पुलिस व अन्य लोग घायल हो गए साथ ही कईयों की जान तक चली गयी। दंगे से संबंधित मामलों में इनकी जमानत नहीं हुई है इसलिए इनकी जमानत निरस्त किया जाय। आरोपियो का कहना है कि उन्हें झूठा फंसाया गया है।

## राज्य आंदोलनकारियों की मांगों पर जल्द कार्रवाई करें सीएम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मुखयालय नैनीताल में बुधवार को उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा राज्य आंदोलनकारियों की 6 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी ललित मोहन रयालके माध्यम से ज्ञापन प्रदेश के मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी को प्रेषित किया गया।

जिसमें प्रमुख रूप से 6 सूत्रीय मांगो पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए यथा शीघ्र मांगो को पूरा किये जाने की मांग राज्य आंदोलनकारियों द्वारा प्रदेश के मुखयमंत्री से की गई। राज्य आंदोलनकारियों की मासिक पेंशन बीस हजार रुपये की जाने, सरकारी गेस्ट हाउसों में निःशुल्क रहने की व्यवस्था, चिन्हीकरण अति शीघ्र किया जाने, विधवा आश्रितों को परिचय पत्र दिया जाने जिससे उनको सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल सके, आश्रितों को स्वास्थ्य सेवायें निशुल्क प्रदान की जाये तथा चिन्हित निगमों के कर्मचारियों को पेंशन का लाभ दिये जाने की मांग की गयी।



**मांग**

● डीएम के माध्यम से भेजा सीएम को ज्ञापन

बता दें इन मांगों को लेकर राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट एवम् नगर अध्यक्ष नैनीताल शाकिर अली के नेतृत्व में ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय को प्रेषित किया गया,ज्ञापन सौंपने वाले शिष्टमंडल में राज्य आंदोलनकारी कंचन चंदोला, महेश जोशी, मनमोहन सिंह कनवाल, लीला बोरा, मुनीर आलम सिद्दीकी, लक्ष्मी नारायण लोहनी, रईस अहमद, मुकेश जोशी, पान सिंह सिजवाली, भगवान पाठक, दीवान सिंह कनवाल, हरेन्द्र सिंह, वीरेंद्र जोशी, प्रकाश आर्या, तारा सिंह बिष्ट, हरिओम शास्त्री, महेश जोशी, नवीन जोशी आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

# अभिमत

## बड़ी मछली पकड़ें

*कफ सिरप का फार्मूला जिस देश का था, वह दोषी है। भारत में अनेक बहुराष्ट्रीय फार्मा कंपनियों की इकाई हैं। सवाल यह है कि उन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? बहुराष्ट्रीय फार्मा कंपनियां बड़ी मछली होने के कारण बचाई जा रही हैं। भारत की छोटी फार्मा कंपनियों की दवाओं के सैंपल समय-समय पर लेकर जांच कराई जाती है। अधोमानक दवाओं पर प्रतिबंध लगाया जाता है। वर्तमान में पूरे देश के बड़े शहरों से लेकर कस्बों में दवा की दुकानों पर छापेमारी से छोटे व्यापारियों को छोटी मछली मानकर परेशान किया जा रहा है।*

दवा की दुकानों पर छापेमारी का अभियान छेड़ा गया है। मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद पूरे देश में तहलका मच गया। भारत में बनी खांसी की कई दवाओं पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी प्रतिबंध लगाने के लिए कहा था। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि कई दवाओं से अफ्रीकी देशों में रोग मुक्त होने की जगह मरीज की मृत्यु हो गई। दुनिया के कुछ बड़े देश शोध से तैयार दवा का परीक्षण जानवरों पर करने के बाद गरीब देशों के मनुष्यों पर करते हैं। यह अमानवीयता भारत के साथ भी की जाती रही है। मध्य प्रदेश में बच्चों की मौत जिस कफ सिरप से हुई है, वह भारत की कंपनी में बना था। कफ सिरप का फार्मूला जिस देश का था, वह दोषी है। भारत में अनेक बहुराष्ट्रीय फार्मा कंपनियों की इकाई हैं। सवाल यह है कि उन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? बहुराष्ट्रीय फार्मा कंपनियां बड़ी मछली होने के कारण बचाई जा रही हैं। भारत की छोटी फार्मा कंपनियों की दवाओं के सैंपल समय-समय पर लेकर जांच कराई जाती है। अधोमानक दवाओं पर प्रतिबंध लगाया जाता है। वर्तमान में पूरे देश के बड़े शहरों से लेकर कस्बों में दवा की दुकानों पर छापेमारी से छोटे व्यापारियों को छोटी मछली मानकर परेशान किया जा रहा है। कैमिस्ट एसोसियेशन ने देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है। दवा विक्रेताओं के आंदोलन से करोड़ों मरीजों के लिए संकट उत्पन्न हो सकता है। पूरे देश में स्वास्थ्य विभाग में हजारों अधिकारी हैं। औषधि निरीक्षक हैं। शिकायत मिलने पर दवा की दुकानों के निरीक्षण में कमी पाये जाने पर कार्रवाई की जाती है। खास तौर पर नशीली गोली और इंजेक्शन की बिक्री पर दवा विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई होती है। छापेमारी के कारण दवा विक्रेताओं ने दुकान से कफ सिरप हटा दिये हैं, जिससे मरीज भटक रहे हैं। अधिकतर अंग्रेजी दवाओं के फार्मूले विदेश में पेटेंट कराये हैं। भारत में मल्टीनेशन कंपनियों की इकाई में दवा का निर्माण किया जाता है। भारत के वैज्ञानिकों के शोध से तैयार फार्मूले की कुछ दवाओं का निर्माण और निर्यात किया जाता है। ऐसी दवाएं भी बाजार से बाहर हो गई हैं। डाक्टर के पर्चे पर ही सिरदर्द, खांसी, जुकाम जैसी मामूली बीमारी की दवा बेचने से आम आदमी की परेशानी बढ़ जायेगी। बीमारी की प्रारंभिक अवस्था में दवा नहीं मिलने पर मरीज की हालत गंभीर हो सकती है। कफ सिरप से कहीं खतरनाक नशीली दवाएं बिक रही हैं, मगर औषधि निरीक्षक बेखबर हैं।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु प्रतिभागी चयनित

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में बुधवार को उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के मद्देनजर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

बता दें कि बुधवार को संपन्न हुई प्रतियोगिताओं में वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता में राधे हरि काशीपुर की श्रेया गोनीयाल, ज्ञानरथी के मानिक गुप्ता तथा डीएसबी परिसर नैनीताल के सौरभ यादव विजेता रहे जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल का प्रतिनिधित्व करेंगे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में सुदर्शन सुरारी (खटीमा कॉलेज), मांसी जोशी (राधे हरि काशीपुर), महिमा दलकोटि (पाल कॉलेज हल्द्वानी), रीतिका चमियाल (पाल कॉलेज हल्द्वानी), अर्णव त्रिपाठी एवं नकुल शाहदेव (डीएसबी कैंपस नैनीताल) कुमाऊँ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

स्केचिंग प्रतियोगिता में संध्या चौरसिया (राधे हरि काशीपुर), यासमीन (बाजपुर पीजी कॉलेज), तुषार सुनेड़ी (पाल कॉलेज) तथा डीएसबी परिसर नैनीताल से सेहज



गिल और आयुषी बिष्ट राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुमाऊँ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मिलेट आधारित मल्टी कयूज़ीन रेसिपी मेकिंग प्रतियोगिता में डीएसबी परिसर नैनीताल से अध्या जैस्वाल, रिया आर्या, निकिता मिरेंडी तथा कंचन और राधेहरि काशीपुर से आंशिक सिंह, सुरभि, लक्ष्य सती एवं सुमित कुमार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। हैंडीक्राफ्ट प्रतियोगिता में डीएसबी परिसर नैनीताल की प्रिंसि वर्मा, प्रतिभा सिंह एवं सरिता बुधलाकोटी, गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज दोषापानी के गौरव बिष्ट, नानकमत्ता कॉलेज के अंकित राणा तथा राधे हरि काशीपुर की राशि चौहान राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। एकल गायन प्रतियोगिता में डीएसबी परिसर नैनीताल की कविता, पीएनजी कॉलेज रामनगर के आकाश आर्या तथा वैद्य यंत्र में राधे हरि काशीपुर के मोहित कुमार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

समूह नृत्य प्रतियोगिता में डीएसबी कैंपस नैनीताल के एनसीसी ग्रुप तथा खटीमा कॉलेज के विद्यार्थियों का समूह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगा वहीं एकल नृत्य प्रतियोगिता में डीएसबी कॉलेज के भावेश विश्वकर्मा तथा पीएनजी कॉलेज रामनगर के सुमित पांडे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। सभी प्रतियोगिताओं को सचिव उच्च शिक्षा डॉ. रंजीत सिन्हा तथा कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों के कोऑर्डिनेटर प्रो. बीना पांडे एवं प्रो. ललित मोहन तिवारी ने प्रमाण पत्र वितरण में विशेष सहयोग प्रदान किया जबकि डॉ. छवि आर्य, डॉ. किरण तिवारी, डॉ. वीणा सिंह, डॉ. सुषमा, डॉ.नीलू लोधियाल, डॉ. प्रभा पंत, डॉ. हेम चंद्र, डॉ. हिमानी, डॉ. हेम जोशी, डॉ. गिरीश चंद्र, डॉ. पूनम बिष्ट, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. रवि जोशी, डॉ. अलंकार एवं डॉ. संध्या ने कार्यक्रमों में विशेष सहयोग प्रदान किया।

## यूपी के शामली निवासी दो अभियुक्तों को 15-15 वर्ष के कठोर कारावास व डेढ़-डेढ़ लाख रुपये के अर्थदण्ड की सजा

**नैनीताल ।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एकट /अपर जिला न्यायाधीश (प्रथम) संजीव कुमार ने करीब 19 किलो चरस के साथ गिरफ्तार 2 अभियुक्तों को 15-15 वर्ष के कठोर कारावास व डेढ़-डेढ़ लाख रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है । ये दोनों आरोपी शामली (उत्तर) प्रदेश के रहने वाले हैं । अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवकता पूजा साह ने कोर्ट को बताया कि 15 अकटूबर 2017 को चोरगलिया थाना क्षेत्र में वसीम पुत्र जिंदा व वसीम पुत्र नफीस निवासी शामली (उत्तर प्रदेश) को चरस की भारी मात्रा के साथ पकड़ा गया था । जिनके खिलाफ चोरगलिया थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था । अपर जिला न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाकसो ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष की दलीलों के आधार पर पाया कि आरोपियों के पास अत्यधिक मात्रा में नशीली सामग्री मिली है ।

# डीएम ने राष्ट्रपति के दो दिनी नैनीताल जिले में प्रवास को लेकर अधिकारियों की ली अहम बैठक

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दो दिवसीय नैनीताल जनपद भ्रमण व प्रवास के दौरान सुव्यवस्थाओं के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसी के बीच समन्वय को लेकर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा बुधवार को नैनीताल स्थित जिला सभागार कक्ष में बैठक की।


बैठक में जिलाधिकारी रयाल ने बताया कि 3 व 4नवंबर (सोमवार व मंगलवार) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का दो दिवसीय नैनमीताल जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। बैठक में डीएम रयाल की ओर से राष्ट्रपति के जनपद भ्रमण को सुव्यवस्थित ढंग से सफ ल बनाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए और सभी को निर्देशित किया गया कि दायित्व का निर्वहन पूर्ण जिमेदारी के साथ करें। अधिकारियों को पूर्व से ही व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी रयाल ने जल संस्थान को पानी की उच्च व्यवस्था करने, विद्युत विभाग को कार्यक्रम स्थल पर अबाध विद्युत व्यवस्था आदि बनाए रखने, नगर पालिका को साफ.-सफाई जबकि नगर में लाइटिंग आदि के साथ ही सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और नेशनल हाईवे के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रपति के भ्रमण के लिए तय रूट प्लान पर सडक़ किनारे समस्या उत्पन्न करने वाली अनावश्यक सामग्रियां न पड़ी हो। डीएम रयाल ने मुखय चिकित्सा अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस चिकित्सा दल तथा कार्डियोलॉजिस्ट तथा फि जिशियन आदि चिकित्सा संबंधी व्यवस्थाओं को पूर्व से ही सुदृढ़ करने के लिए निर्देशित किया। डीएम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को खान पान की जिमेदारी दी वहीं भारत दूरसंचार विभाग को कनेटिविटी की जिमेदारी सौंपी। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक राय, शैलेंद्र सिंह नेगी, समस्त उपजिलाधिकारी समेत संभागीय परिवहन अधिकारी व एसपी सिटी नैनीताल सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## आयुष्मान खुराना ने वरुण धवन को बताया बेहतरीन अभिनेता



*अभिनेता आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'थामा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म 9 दिनों में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। मैडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म में आयुष्मान और वरुण धवन के बीच भी टक्कर देखने को मिली है। यही कारण है कि अब सोशल मीडिया पर दोनों को लेकर तुलना शुरू हो गई है। हालांकि, इस बीच आयुष्मान ने वरुण धवन की दिल खोलकर तारीफ करते हुए उन्हें एक बेहतरीन कलाकार बताया है। बॉलीवुड हंगामा के साथ बातचीत में आयुष्मान ने वरुण के साथ काम करने पर बात करते हुए कहा कि हम बहुत उत्साहित थे। क्योंकि हमने अपने करियर की शुरुआत साथ में की थी। 2012 में मेरी फिल्म 'विकी डोनर' रिलीज हुई थी और मुझे लगता है कि 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' भी उसी साल आई थी। हम अलग-अलग इवेंट्स, शोज वगैरह में एक-दूसरे से मिलते रहे। वह सबसे अच्छे लोगों में से एक हैं और एक बहुत अच्छे सह-अभिनेता भी हैं। यहां तक कि फाइट सीक्वेंस के दौरान भी, अच्छी बात यह थी कि किसी को जरा भी चोट नहीं आई। इसे बहुत अच्छी तरह से कोरियोग्राफ किया गया था। अगर आपके सह-कलाकार में लय की समझ हो तो यह वाकई मददगार होता है।*

### डायलॉग का आईडिया

*अभिनेता ने आगे कहा कि लड़ाई लय की तरह है। कोरियोग्राफी भी वैसी ही है। आपको इस बीट पर यहां होना है, आपको उस बीट पर वहां होना है। अगर आप डांस कर सकते हैं, तो आप फिल्मों में लड़ भी सकते हैं। फिल्म के डायलॉग विकासपुरी के वूल्वरिन के बारे में आयुष्मान ने कहा कि मुझे लगा कि चूंकि मेरी पहली नौकरी दिल्ली में थी और मेरी मां दिल्ली से हैं। हालांकि, मैं चंडीगढ़ से हूं, मैंने वहां काफी समय बिताया है। दिल्ली मेरे लिए दूसरे घर जैसा है। इसलिए मैंने सोचा कि वहां का थोड़ा स्थानीय स्वाद होना चाहिए।*

# नगर आयुक्त द्वारा पिछौड़ा हाइट्स क्षेत्र का निरीक्षण कर कचरा प्रबंधन में लापरवाही पर अर्थदंड लगाया गया

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

नगर आयुक्त हल्द्वानी-काठगोदाम द्वारा पिछौड़ा हाइट्स अपार्टमेंट दमुवाढूंगा, हल्द्वानी क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कॉलोनी परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट के अनुचित निस्तारण, साफ-सफाई व्यवस्था में कमी तथा निर्धारित कचरा संग्रहण मानकों का पालन न किए जाने की शिकायतें सही पाई गईं। नगर आयुक्त ने मौके पर ही संबंधित संस्था/संवेदक के विरुद्ध जुर्माना लगाते हुए कड़ी चेतावनी दी कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही स्थानीय निवासियों को भी अपील की गई कि वे घरेलू कचरे को गीले और सूखे कचरे के रूप में पृथक करें और निगम के निर्धारित वाहनों को ही सुपुर्द करें।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निरीक्षण जारी रहेगा।



News कॉर्नर

## कामर्स की शोधार्थी रितिशा शर्मा की पीएचडी परीक्षा आयोजित

**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वाणिज्य विभाग की शोध छात्रा रितिशा शर्मा को पीएच डी उपाधि की संस्तुति की गई। रितिशा शर्मा का शोध का विषय 'निश टूरिज्म ए स्पेशल रेफरेंस टू कुमाऊं हिल्स ऑफ उत्तराखंड' रहा। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ.विजय कुमार एसोसिएट प्रोफेसर वाणिज्य संकाय डी एस बी परिसर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के निर्देशन में पूर्ण किया। रितिशा की बुधवार को पीएचडी मौखिक परीक्षा संपन्न हुई उनकी परीक्षा बाह्य परीक्षक प्रो. हरभजन बसंल डीन मैनेजमेंट एमएआईटी इंस्ट्यूटए न्यू दिल्ली के द्वारा ली गई। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय डीएसबी परिसर नैनीताल प्रो.अतुल जोशी समेत विभाग के अन्य गुरुजन मौजूद रहे। रितिशा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं परिवारजनों को दिया है।

## युवाओं को मिलेगा निशुल्क अग्निवीर भर्ती का प्रशिक्षण

**अल्मोड़ा।** खेल विभाग अब जिले के युवाओं को अग्निवीर भर्ती के लिए भी तैयार करेगा। खेल विभाग के प्रशिक्षक युवाओं को भर्ती का निशुल्क प्रशिक्षण देकर उनके देश सेवा के सपने को साकार करेंगे। इसके लिए एचएनबी स्टेडियम को प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है। इस पहल से युवाओं को अब भर्ती का प्रशिक्षण पाने के लिए निजी प्रशिक्षण केंद्रों में जाने को मजबूर नहीं होना पड़ेगा। विभाग युवाओं को अग्निवीर भर्ती के लिए दौड़, चिन-अप, बैलेंस आदि का प्रशिक्षण देगा। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी अरुण बनग्याल ने कहा कि युवाओं के लिए अग्निवीर भर्ती का निशुल्क प्रशिक्षण पाने का यह अच्छा अवसर है। प्रशिक्षक युवाओं को दौड़, बैंलेस, चिन-अप आदि का प्रशिक्षण देंगे।

# डिजिटल मंच: यो पहाड़ फाउंडेशन की वेबसाइट हुई लॉन्च

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए कार्यरत अग्रणी संस्था यो पहाड़ फ ाउंडेशन ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट सफलतापूर्वक लॉन्च कर दी है। इस महत्वपूर्ण कदम से फाउंडेशन के कार्यों को अब न केवल स्थानीय बल्कि वैश्विक स्तर पर भी व्यापक पहचान मिलने की उममीद है जिससे नैनीताल के विकास को एक नई गति प्राप्त होगी।

फाउंडेशन के संस्थापक संतोख बिष्ट ने वेबसाइट की लॉन्च पर खुशी जताते हुए कहा कि यह वेबसाइट हमारे प्रयासों को एक डिजिटल मंच प्रदान करेगी। अब लोग आसानी से हमारे आगामी कार्यक्रमों, सामाजिक पहलुओं और नैनीताल के लिए किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि वेबसाइट का मुखय उद्देश्य फ ाउंडेशन के विजन और मिशन को स्पष्ट रूप से दर्शाना है। यो पहाड़ फ ाउंडेशन नैनीताल के युवाओं को संगठित कर क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का काम कर रहा है।



बता दें यह वेबसाइट टेन्वो नामक कंपनी द्वारा बनाई गई है। टेन्वो की टीम में उत्कर्ष, उत्कर्ष अग्रवाल करण और कमल जोशी जैसे युवा और प्रतिभाशाली सदस्य शामिल हैं जिन्होंने फ ाउंडेशन के विजन को डिजिटल रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मीडिया रिलेशंस मैनेजर दीप्ति बोरा ने इस अवसर पर टेन्वो की टीम को सफल सहयोग के लिए बधाई दी। वेबसाइट लॉन्च कार्यक्रम का सफल संचालन फ ाउंडेशन के कोषाध्यक्ष नीरज बिष्ट ने किया। कार्यक्रम में संस्था की महिला उपाध्यक्ष श्रीमती दीपा बिष्ट ने फ ाउंडेशन के विजन और भविष्य की योजनाओं को विस्तार से सबके सामने रखा। अंत में फ ाउंडेशन के सचिव सागर सोनकर ने सभी उपस्थित लोगों और सहयोगी टीम का धन्यवाद किया। इस अवसर पर फाउंडेशन के वरिष्ठ सक्रिय सदस्य हिमांशु बिष्ट भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को और भी खास बनाने के लिए अमेरिकन किड्ज प्ले स्कूल के बच्चों ने दो शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान पूजा, कुमकुम, जया, अनाम, रोहित, खुशी, रिदम और अन्य कई सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# प्रतियोगिता में ओवर ऑल 110 अंक के साथ 31 पीएसी की टीम विजेता

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

यहां 31वीं वाहिनी पीएसी परिसर में आयोजित तीन दिवसीय सप्तम अंतर पीएमएस खेल प्रतियोगिता का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया।

समापन के मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि 31/46वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक आईपीएस पंकज भट्ट ने विजेता टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य पीएमएस व आयोजन सचिव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। प्रतियोगित के फाईनल में 100 मीटर,200मीटर व 400 मीटर दौड हुई। जिसमें 31 पीएसी की टीम ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया।प्रतियोगिता के फाईनल में वॉलीबाल प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग के फाईनल मैच में पीएमएस 31 पीएसी ने पीएमएस हरिद्वार को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबडडी में जुनियर बालक वर्ग के फाईनल मैच में पीएमएस 31 पीएसी ने पीएमएस हरिद्वार को हराकर प्रथम, जूनियर बालिका वर्ग के फाईनल मैच में पीएमएस हरिद्वार ने पीएमएस देहरादून को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। टग ऑफ वार के बालक वर्ग में पीएमएस 40 पीएसी ने पीएमएस हरिद्वार को व बालक वर्ग में पीएमएस देहरादून ने पीएमएस 31 पीएसी को हराकर प्रथम रहा। प्रतियोगिता में ओवर आल 110 अंक के साथ 31पीएसी की टीम ने प्रथम स्क्थान प्राप्त किया व पीएमएस हरिद्वार ओवर आल 104 अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता का बेस्ट प्लेयर 31पीएमएस के पारस सिंह बिष्ट को दिया गया। जिसने 3 गोल्ड,1 ब्रान्ज एव 1 ब्रान्ज के साथ ही 5 पदक प्राप्त किये। समापन के दौरान यह अधिकारी रहे गौहर उप सेनानायक मिथलेश कुमार सिंह,प्रधानाचार्य पीएमएस रूदुपुर पूजा रानी, दलनायक योगेन्द सिंह देव, दलनायक दया चन्द रजवार, दलनायक गिरीश चन्द जोशी, दलनायक भूपेश पांडेय, दलनायक श्याम पाल रावत,सूबेदार शिविरपाल उमेश सोनकर,सुबेदार मेजर खुर्शीद अली, प्रभारी पीएमएस गीता उप्रेती, सहायक प्रधानाचार्य भुवन सिंह मेहता आदि मौजूद रहे।



# नैनीताल जिपं मामला:सरकार की तरफ से मामले की कोई प्रगति रिपोर्ट पेश नहीं की गई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल जिला पंचायत का अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान 14 अगस्त को हुई घटनाएं और पांच सदस्यों के कथित अपहरण को लेकर स्वत- संज्ञान लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। पूर्व के आदेश पर बुधवार को भी सरकार की तरफ से मामले की कोई प्रगति रिपोर्ट पेश नहीं की गई। सरकार ने रिपोर्ट पेश करने के लिए खण्डपीठ से एक दिन का समय मांगा गया जिसपर कोर्ट ने सरकार को एक दिन का समय देते हुए अगली सुनवाई हेतु आने वाले शुक्रवार की तिथि नियत की है।

बता दें बुधवार को हुई सुनवाई पर सरकार की तरफ से कहा गया कि उनके पास जो जाँच रिपोर्ट आई हैं वह आधी अधूरी हैं इसलिए संपूर्ण रिपोर्ट पेश करने के लिए उन्हें एक दिन का समय दिया जाय। इससे सन्तुष्ट होकर कोर्ट ने सरकार से एक दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। अब मामले की सुनवाई खण्डपीठ ने आने वाले शुक्रवार की तिथि नियत की है। बुधवार को मामले की सुनवाई मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान विपक्षियों के द्वारा कहा गया कि पूर्व में कोर्ट ने प्रगति रिपोर्ट तलब की थी। जो अभी तक पेश नहीं की गई न ही अपहरण करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। मामले की जाँच की स्थिति वहीं की वहीं पड़ी हुई है। कोई प्रगति अभी तक जांच में नहीं हुई है। मामला कोर्ट में आने के बाद एसएसपी ने केवल थाने के पुलिस कर्मी को संस्पेंड किया है। मामले के अनुसार बीते 14 अगस्त को कोर्ट ने नैनीताल के जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव के दौरान उनके सदस्यों का अपहरण करने के मामले में कोर्ट ने स्वत- संज्ञान लिए जाने पर सुनवाई की थी साथ में कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा था कि मामले की स्वत्रंत जांच कर रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करें जो अभी तक पेश नहीं की गई जबकि चुनाव हुए दो माह का समय बीत चुका है।

# स्मैक तस्करी के आरोपी को 5 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एकट) संजीव कुमार की अदालत ने स्मैक तस्करी के आरोपी सुशांत कुमार निवासी समता आश्रम गली, शिवाजी कॉलोनी, वार्ड नंबर -12 हल्द्वानी को दोषी करार दिया। अदालत ने आरोपी को 5 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में 6 माह का अतिरिक कारावास भुगतना होगा।

बता दें 23 जुलाई 2019 को थाना हल्द्वानी पुलिस ने अभियुकत सुशांत कुमार को पकड़ा जिसके कबजे से 20.98 ग्राम स्मैक बरामद की गई थी। पुलिस ने जांच पूरी कर 21 जनवरी 2020 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अदालत ने 18 अगस्त 2022 को आरोप तय किए और 13 अप्रैल 2023 से साक्ष्य की कार्यवाही शुरू हुई। लंबी सुनवाई के बाद इसी साल 14 अकतूबर को बहस पूरी हुई तथा इधर बुधवार को सजा सुनाई गई।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवता (फ ौजदारी) पूजा साह ने अदालत से कहा कि आरोपी के कबजे से बरामद स्मैक की मात्रा मध्यम सीमा से अधिक है और यह अपराध गंभीर तथा समाज विरोधी है।

आरोपी की ओर से स्मैक जैसे नशीले पदार्थ को बेचकर युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर किया जा रहा है इसलिए उसे कठोर सजा दी जाए वहीं दूसरी ओर अभियुकत की ओर से अधिवकता गौरव ने तर्क दिया कि सुशांत कुमार गरीब व्यकित है उसके परिवार में कमाने वाला और कोई नहीं है तथा यह उसका पहला अपराध है। उसे न्यूनतम सजा दी जानी चाहिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियुकत के कबजे से बरामद 20.98ग्राम स्मैक गंभीर प्रकृति का समाज विरोधी कृत्य है। उसका अपराध न केवल कानून के विरुद्ध है बल्कि समाज के लिए भी हानिकारक है। ऐसे मामलों में कठोर दंड देना आवश्यक है ताकि समाज में निवारक प्रभाव पड़े। न्यायालय ने आरोपी के ट्रायल के दौरान जेल में बिताई गई 1225 दिन की अवधि को सजा में समायोजित करने का आदेश दिया।

## विलोपन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश

**बागेश्वर।** डीएम आकांक्षा कोंडे ने तहसील परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम कार्यालय, पूर्ति कार्यालय, जिला पुस्तकालय, सब-रजिस्ट्रार, नवीन सभागार कक्ष सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। पूर्ति अधिकारी को राशन कार्डों के विलोपन की सूची डीपीआरओ को देने के निर्देश दिए। बुधवार को निरीक्षण के दौरान डीएम कोंडे ने एसडीएम न्यायालय में लंबित प्रकरणों की जानकारी ली।

# नैनीताल में एलिट महिला राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप आज से

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में एलिट महिला राष्ट्रीय बॉकसिंग चैंपियनशिप गुरुवार (आज) से डीएसए मैदान में शुरू होगी। जिला प्रशासन तथा खेल विभाग और उत्तराखंड बॉकसिंग एसोसिएशन के संयुकत तत्वावधान में प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है।

बता दें कि प्रतियोगिता में देशभर की 11 राज्यों की टीम प्रतिभाग करेंगी। जिसमें कुछ अंतरराष्ट्रीय मुकेबाज भी हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता के लिए यूपी, हरियाणा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, पंजाब, सीआईएसएफ , लद्दाख दिल्ली, उत्तराखंड, चंडीगढ़ तथा राजस्थान की करीब 110 मुक्केबाज तथा 30 रिंग ऑफि शल्स आऐंगे। बॉकसिंग रिंग पिथौरागढ़ से मंगाया गया है। सभी बाक्सरों और रिंग ऑफिशल्स के लिए टीआरसी नैनीताल तथा नैनीताल कलब तथा यूथ हॉस्टल में व्यवस्था की गई है साथ ही होटल एसोसिएशन की ओर से 20 कमरों की व्यवस्था भी होटल में की गई है। जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने बुधवार को बॉकसिंग रिंग का मुआयना किया और व्यवस्थाएं जांची। आयोजन के लिए टीमें बनाकर कार्य किया जा रहा है। जिसमें आवासीय व्यवस्था के लिए अजय कुमार, पुष्पा, देवेंद्र जीना, भागवत मेर, सुनील, कमल, मनोज सिंह तथा गौरव रेहान, विनोद कनारी तथा गोविंद लटवाल को जिमेदारी सौंपी गई है। प्रतियोगिता के लिए नगर पालिका, जल संस्थान, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग तथा पुलिस विभाग भी सहयोग कर रहे हैं। वॉलिंटियर्स के रूप में अस्तित्व, पलक बिष्ट, गौरव जनौटी, नम्रता, हर्षिता तथा दिग्विजय आदि जुटे हुए हैं।


## कार्यालय सहायक अभियन्ता-तृतीय नलकूप, उपखण्ड, कालाढूंगी (नैनीताल)

पत्रांक-/स0अ0तृतीय/टेण्डर/2025-26

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या: 10/सहा0 अभि0तृती0/2025-26**

दिनांक: 26/10/2025

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों की मोहरबन्द निविदायें दिनांक 12.11.2025 पूर्वाह्न 3:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदार से आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोलने की निर्धारित तिथि के एक दिवस पूर्व तक बेची जायेगी। कार्य सम्बन्धी विवरण निविदा खोलने से पूर्व में किसी भ्ज्ञी कार्य दिवस में प्रात: 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक ार्यालय में देखा जा सकता है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र एवं राष्ट्रीकृत बैंक की एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड रामनगर के नाम बंधक होनी चाहिए मान्य होगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का एवं कार्य की मात्रा कम या जादा करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरीी का होगा। दरों की वैधता हेतु निविदा के साथ रू0 100:00 के स्टाम्प पेपर पर 03 माह की वैधता हेतु रु0 1.00 के राजस्व टिकट में हस्ताक्षर कर लगाना होगा। निविदा आमंत्रण की तिथि से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा | धरोहर धनराशि | निविदा प्रत्रत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Supply & Installation of Servo Voltage Stabilzer 3Phase (Oil Cooled) Roller Contact Type 150 KVA in Range of 300-460 Volt With Earthing. at STW No- 158 HG. Vill- Bhimpuri Udaipuri Block-Kotabagh, Nainital Under- Distt Plan (SCP) | JOB | 14100.00+00 | 1000.00+GST 18% | 03 माह |

(सुनील काण्डपाल)
सहायक अभियन्ता-तृतीय